भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 803**

09 फरवरी, 2022 को उत्तरार्थ

**महामारी के दौरान सहकारी समितियों के लिए योजना**

803. डॉ. सांतनु सेन:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में घाटे में चल रही सहकारी समितियों का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने कोविड महामारी के कारण पैदा हुए तनाव से निपटने के लिए सहकारी समितियों के लिए कोई योजना शुरू की है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ड.) विगत पांच वर्षों के दौरान शुरू की गई नई सहकारी समितियों का क्षेत्र-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

**(क):** घाटे में चल रही सहकारी समितियों के बारे में कोई राष्ट्रीय डाटा उपलब्ध नहीं है।

**(ख) से (घ)**: भारत में सहकारी क्षेत्र पर महामारी के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई विशेष अध्ययन नहीं किया गया है। कोई विशिष्ट योजना शुरू नहीं की गई है। हालांकि, भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करने के लिए समय-समय पर विभिन्न उपायों/पैकेजों के माध्यम से कोविड राहत दी है।

**(ड.):** राज्यों के कानूनों के अंतर्गत पंजीकृत सहकारिताओं के बारे में कोई डाटा नहीं रखा जाता है। हालांकि, विगत पांच वर्षों के दौरान बहु-राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम, 2002 के अंतर्गत 'पंजीकृत नई सहकारी समितियों के बारे में विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

**अनुबंध**

**बहु-राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पिछले पांच सालों में पंजीकृत सहकारिताओं की संख्या**

| वर्ष | सहकारिताओं की संख्या |
|---|---|
| **2017** | 7 |
| **2018** | 8 |
| **2019** | 9 |
| **2020** | 10 |
| **2021** | 14 |
| **कुल** | 48 |

## राज्य-वार

| राज्य | सहकारिताओं की संख्या |
|---|---:|
| **आंध्र प्रदेश** | 1 |
| **आसाम** | 1 |
| **बिहार** | 2 |
| **दिल्ली** | 1 |
| **गुजरात** | 2 |
| **हरियाणा** | 3 |
| **कर्नाटक** | 1 |
| **केरल** | 1 |
| **मध्य प्रदेश** | 3 |

| | |
|---|---|
| महाराष्ट्र | 10 |
| नई दिल्ली | 1 |
| पंजाब | 1 |
| तामिल नाडु | 5 |
| तेलंगाना | 4 |
| उत्तर प्रदेश | 12 |
| कुल | **48** |

**क्षेत्र-वार**

| क्षेत्र | सहकारिताओं की संख्या |
|---|---|
| कृषि | 25 |
| सहकारी बैंक | 8 |
| साख | 3 |
| दुग्ध-उत्पादन | 1 |
| मत्स्य पालन | 2 |
| आवास | 3 |
| औद्योगिक / वस्त्र | 1 |
| विपणन | 2 |
| स्वास्थ्य | 2 |
| कल्याण | 1 |
| कुल | **48** |

*****